### बुरहानपुर-खंडवा ड्रग नेटवर्क नेस्तनाबूद

# एमआर समेत 4 गिरफ्तार, 1600 नशीली गोलियां जब्त

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रदेश को नशामुक्त करने के संकल्प के तहत खंडवा पुलिस ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी और कड़क कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में मुस्तैद कोतवाली पुलिस की टीम ने बुरहानपुर-खंडवा ड्रग नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करते हुए एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) सहित चार आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है। यह पूरा गिरोह बुरहानपुर से खंडवा तक एक सुनियोजित चेन बनाकर प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी कर रहा था।

**मुखबिर की सूचना पर पहली दबिश- खंडवा से दो दबोचे-**

कार्रवाई की शुरुआत मुखबिर से मिली एक सटीक सूचना के बाद हुई। कोतवाली पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर बमनगांव रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के पास से खंडवा निवासी दो आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद रईस (निवासी हातमपुरा) और शेख साहिल (निवासी नई छीपा कॉलोनी) के रूप में हुई। शुरुआती तलाशी में इनके पास से बिना नंबर की स्कूटी, दो स्मार्टफोन, नकदी और अल्प्राजोलम टैबलेट की 100 गोलियां बरामद की गईं, जिन्हें ये शहर के युवाओं को ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे।

**पूछताछ में खुला बुरहानपुर कनेक्शन-1500 टैबलेट और जब्त-**

जब पुलिस ने हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की, तो इस काले कारोबार की कड़ियां सीधे पड़ोसी जिले बुरहानपुर से जुड़ गईं। आरोपियों की निशानदेही पर कोतवाली पुलिस की विशेष टीम ने बुरहानपुर में तगड़ी दबिश दी। वहां



पुलिस ने इस नेटवर्क के मुख्य सप्लायरों को घेरकर उनके कब्जे से भारी मात्रा में 1500 अल्पाजोलम टैबलेट की एक और बड़ी खेप बरामद की। बुरहानपुर से मुख्य सप्लायर फारिस को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसका साथी और दूसरा मुख्य सप्लायर सुभाष महाजन पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

**सवा लाख से अधिक की कुल जब्ती-**

इस पूरी संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने अब तक कुल 1600 प्रतिबंधित नशीली गोलियां जब्त की हैं। बरामद की गई इन नशीली दवाओं की सरकारी और बाजार कीमत लगभग 48,000 से 52,000 रुपये के बीच आंकी जा रही है। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त वाहन, मोबाइल और नकदी को मिलाकर कुल जब्ती लगभग सवा लाख रुपये की बताई जा रही है। कानूनी प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए पुलिस ने मौके पर ही जब्ती की पूरी वीडियोग्राफी कराई और दवाओं को सील कर दिया।

**पुराना अपराधी है मुख्य डिलीवरी बॉय-**

जांच में यह भी सामने आया है कि खंडवा का मोहम्मद रईस इस पूरे ड्रग नेटवर्क में मुख्य रूप से डिलिबरी बॉय के रूप में काम कर रहा था। वह पहले भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है और उस पर पूर्व में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ के दौरान उसने खंडवा शहर के कई इलाकों और लोगों को यह नशीली गोलियां सप्लाई करने की बात कबूल की है।एडिशनल एसपी, सीएसपी और कोतवाली थाना प्रभारी की इस संयुक्त और त्वरित कार्रवाई के बाद पुलिस अब आरोपियों को रिमांड पर लेकर यह पता लगा रही है कि शहर के किन-किन मोहल्लों और युवाओं तक यह नशा पहुंच रहा था। पुलिस का दावा है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य खरीदारों और नशेड़ियों को भी जल्द ही बेनकाब कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

### एक नजर

## ग्राम हापला में विधायक मुकेश तनवे ने सुनी मन की बात



**खंडवा।** खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने रविवार को भाजपा ब्रह्मगिर अमलपुरा मंडल के ग्राम हापला स्थित बूथ क्रमांक 129 पर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 134वां संस्करण सुना। कार्यक्रम के बाद विधायक तनवे ने कहा कि 'मन की बात' देशवासियों को प्रेरित करने के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन गया है। प्रधानमंत्री विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विषयों पर अपने विचार साझा कर लोगों को जागरूक करते हैं। भाजपा प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिलेभर में भाजपा संगठन द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। ग्राम हापला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री राजपाल सिंह चौहान, धनसिंह सोलंकी, सरदार सिंह सावनेर, धर्मेंद्र सावनेर, दुर्गेश शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों को सुना तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता का संकल्प लिया।

## उमंग स्वास्थ्य केंद्र द्वारा किशोरों को मिल रहा वैज्ञानिक एवं गोपनीय परामर्श

**नवभारत न्यूज़**

**किल्लौद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किल्लौद में मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सहयोग से संचालित उमंग स्वास्थ्य केंद्र किशोर एवं किशोरियों के स्वास्थ्य और समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को प्रशिक्षित परामर्शदाता संजय सिरसाटे द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क एवं गोपनीय परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

केंद्र में मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, एनीमिया की रोकथाम, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, नशीले पदार्थों के सेवन से बचाव, चोट एवं हिंसा की रोकथाम जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाता है। इसके साथ ही मोबाइल एडिक्शन, रिलेशनशिप संबंधी समस्याएं, माहवारी स्वच्छता, मानसिक तनाव, अवसाद, आत्महत्या की रोकथाम, बाल विवाह तथा किशोरावस्था में गर्भधारण से बचाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।

उमंग स्वास्थ्य केंद्र में मैत्रीपूर्ण वातावरण और पूर्ण गोपनीयता के साथ सेवाएं दी जाती हैं। हेल्पलाइन, मोबाइल ऐप और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भी किशोरों तक स्वास्थ्य संबंधी वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाई जा रही है।

## क्या बीज कंपनियां रच रहीं कृत्रिम संकट की साजिश!

### जांच में फेल सैंपल, बाजार में महंगा बीज, मुनाफे के लिए रचा जा रहा 'क्राइसिस मॉडल'!

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता गुणवत्तापूर्ण बीजों की होती है। हालांकि हर साल खंडवा जिले में बीजों की कमी और बढ़ती कीमतें किसानों की परेशानी बढ़ा देती हैं। बाजार में ऐसी चर्चाएं और आरोप सामने आ रहे हैं कि कुछ निजी बीज कंपनियां अधिक मुनाफा कमाने के लिए बीजों की कृत्रिम किल्लत का माहौल तैयार कर रही हैं।

कृषि क्षेत्र से से जुड़े संगठन और जानकारों का दावा है कि बीजों की गुणवत्ता जांच और आपूर्ति व्यवस्था में मौजूद कमियों का फायदा उठाकर बाजार में कमी की स्थिति बनाई जाती है। आरोप यह भी हैं कि कुछ मामलों में बीजों के सैंपलों को लेकर ऐसी परिस्थितियां पैदा



फाईल फोटो...

की जाती हैं, जिनसे संबंधित बीज की उपलब्धता पर सवाल खड़े हों और बाजार में उसके अभाव की चर्चा फैल जाए। इससे किसान घबराकर अधिक कीमत पर बीज खरीदने को मजबूर हो जाते हैं।विशेषज्ञों के अनुसार जब किसी लोकप्रिय बीज की मांग बढ़ती है और उसकी उपलब्धता सीमित दिखाई जाती है, तो बाजार में उसके दाम स्वतः बढ़ जाते हैं। इसका सीधा लाभ कंपनियों और बिचौलियों को मिलता है, जबकि किसान अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेलता है। कई बार किसान समय पर बीज नहीं मिलने के कारण वैकल्पिक और कम उपयुक्त बीज खरीदने को मजबूर हो जाते हैं, जिसका असर उत्पादन पर भी पड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि बीज गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। साथ ही जांच केंद्रों की संख्या बढ़ाने, नियमित ऑडिट कराने और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। यदि किसी स्तर पर अनियमितता या साठगांठ पाई जाती है तो संबंधित कंपनियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन किसानों के हितों को देखते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और निगरानी की मांग लगातार उठ रही है। किसान संगठनों का कहना है कि बीजों की उपलब्धता और गुणवत्ता से जुड़े मामलों में पारदर्शिता ही किसानों का भरोसा कायम रख सकती है।

## नीतू ठाकुर जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में बनीं प्रदेश चैंपियन



**खंडवा।** छतरपुर में 27 से 31 मई तक आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की 12वीं राज्य स्तरीय अधिकारी कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स स्पर्धाओं का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये खिलाड़ियों ने अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में खंडवा जिले के हरसूद विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला झुम्मरखाली की शिक्षिका नीतू ठाकुर ने एथलेटिक्स की जैवलिन थ्रो अर्थात भाला फेंक स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया। नीतू ठाकुर की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी और डाइट प्रचार्य पीसीसोनी ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं।

## परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य सुधार, उत्पादन लागत में कमी और कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं विपणन संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत रविवार को कृषि महाविद्यालय, खंडवा मे जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को भी सुना। कार्यक्रम में खालवा एवं पंधाना विकासखंड के कृषकों के साथ साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, उपसंचालक कृषि नीतेश यादव, कृषि महाविद्यालय खंडवा के





डीन डीके वाणी, उप संचालक पशुपालन डॉ हेमंत शाह, एलडीएम गणेश ताईकर, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड श्री खेरनार, सहायक संचालक कृषि दीपक मंडलोई, लक्ष्मण सिंह निगवाल एवं जितेन्द्र सिंह रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस जिला स्तरीय कार्यशाला में किसानों को परंपरागत कृषि विकास योजना के उद्देश्यों, जैविक खेती की तकनीकों, क्लस्टर गठन, जैविक प्रमाणीकरण, बाजार से जोड़ने की प्रक्रिया तथा कृषि आधारित उद्यमिता तथा ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई -टोकन के माध्यम से उर्वरक प्राप्त करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई 7 कार्यक्रम के अंत में कृषकों से जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया गया और कृषि विशेषज्ञों द्वारा उपस्थित किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन अनुविभागीय अधिकारी कृषि लोकेन्द्र सिंह मंडलोई ने किया।

### बचपन बचाने की मुहिम सफल

## अब तक 607 बच्चों को मिला स्पॉन्सरशिप का लाभ

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** अंतर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस के अवसर पर जिले में बाल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों ने खंडवा को एक प्रेरक मॉडल के रूप में स्थापित किया है। बाल कल्याण समिति के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के मार्गदर्शन, कलेक्टर ऋषव गुप्ता के नेतृत्व और जिला बाल संरक्षण अधिकारी रत्ना शर्मा के निर्देशन में बच्चों की सुरक्षा, पुनर्वास और अधिकारों के संरक्षण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि जिले में अब तक



फाईल फोटो...

350 से अधिक बच्चों का सुरक्षित रूप से उनके परिवारों से पुनर्मिलन कराया गया है। वहीं 607 बच्चों को बाल स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर उनकी शिक्षा, पोषण और अन्य आवश्यक जरूरतों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 से अधिक बाल विवाहों को भी समय रहते रुकवाया गया। बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत बनाने के लिए पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की गईं। संकटग्रस्त बच्चों को मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग और पुनर्वास सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।समिति ने नागरिकों से बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा जरूरतमंद बच्चों की जानकारी संबंधित विभागों को देने की अपील की है। सुरक्षित बचपन, सशक्त भविष्य को साकार करने की दिशा में जिले में लगातार प्रयास जारी हैं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एस डी ई आर एफ कार्यालय जिला खंडवा में तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में होमगार्ड बल, एसडीआरएफ दल, आपदा मित्र, सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स तथा कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की।

संबोधित करते हुए जिला कमांडेंट आशीष कुशवाहा ने तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्परिणामों, कैंसर सहित विभिन्न घातक बीमारियों एवं नशे की सामाजिक बुराइयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यालयीन स्टाफ, प्लाटून कमांडर्स, होमगार्ड सैनिकों, एसडीआरएफ जवानों, आपदा मित्रों एवं सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स ने उत्साह पूर्वक हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर होमगार्ड की डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री आशीष कुशवाहा ने सभी को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन जीने की शपथ दिलाई।

### एक नजर


### भ्रष्टाचार का अंबार लगा, रसूखदारों के खिलाफ नहीं कर रहा कोई भी अधिकारी कार्रवाई

# उडेल में नियमों को ठेंगा दिखा चटकर गए सरकारी बजट

**नवभारत न्यूज़**

**हरसूद। जनपद पंचायत हरसूद की ग्राम पंचायत उडेल में इन दिनों भ्रष्टाचार का अंबार लगा है। आलम यह है कि यहां रसूखदारों के खौफ के आगे न तो कोई ग्रामीणों की सुनने वाला है और न ही कोई देखने वाला। अगर कोई जागरूक नागरिक इस धांधली के खिलाफ आवाज उठाता भी है, तो रसूख के दम पर उसकी जुबान बंद कर दी जाती है। भ्रष्टाचार का यह ताजा मामला अनुसूचित जनजाति बाहुल्य बस्ती विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सीसी रोड निर्माण से जुड़ा है।**

12 अगस्त 2024 को स्वीकृत इस दस लाख रुपए की सड़क में डेढ़ लाख रुपए लेबर पर और साढ़े आठ लाख रुपए सामग्री पर खर्च होने थे, लेकिन जमीनी हकीकत में सरपंच, सचिव और उपयंत्री की त्रिमूर्ति ने नियमों के विरुद्ध जाकर अपनी जमकर मनमानी चलाई। इस निर्माण कार्य में कुल 143 बिलों का भुगतान किया गया, जिसमें वित्तीय नियमों की जमकर धज्जियां उड़ीं। सबसे बड़ा घोटाला छनैरा निवासी गुजर कृषि सेवा केंद्र एंड मशीनरी (विक्रेता आईडी 3246669) से खरीदी गई सीमेंट के भुगतानों में हुआ, जहां शासन के नियमों को ताक पर रखकर जीएसटी का कटौत्रा ही नहीं काटा गया। सरकारी खजाने को चूना लगाते हुए छह फरवरी दो हजार



|| SHREE ||
Prop. Durgesh Patel
9617306331
GSTIN : 23DAMPP0072G1ZT
Gurjar Krishi Sewa Kendra & Machinery
Address- Ward No. 07, Fhilgut Chauraha, Chhanera-Harsud, Dist-Khandwa (M.P.), 450116
durgeshpatel550@gmail.com

Invoice No. 01 — TAX INVOICE — DATE. 22/12/2024
Name: सरपंच ग्राम पंचायत, उण्डेल
Address: उण्डेल — GSTIN/ID

| No. | Description | HSN | Qty. | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cement |  | 220 Beg. | 350 Beg. | 77000/- |

Amount in Words: Seventy seven thousand rupees — Including Gst Total: 77000/-

सरपंच
ग्राम पंचायत उण्डेल रैय्यत
सचिव
ग्राम पंचायत, उण्डेल
जनपद पंचायत, हरसूद

Bank Details
Bank : HDFC (Chhanera Branch)
Ac No : 50200094939271
IFSC Code : HDFC0008409

Terms & Condition
•Goods Once Sold will not be taken back.
•No Gurantee, No Refund, No Claim

Signature Proprietor

पच्चीस को यूटीआर नंबर रु 69817213 से तिरेसठ हजार रुपए और यूटीआर नंबर रु 6981448 से सतहत्तर हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। इसके बाद चार मार्च दो हजार पच्चीस को यूटीआर नंबर एस 41728954 के माध्यम से अस्सी हजार पांच सौ रुपए का एक और भुगतान बिना उचित टैक्स कटौती के कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि रसूखदारों के दबाव में यह सड़क घटिया और नियमों के विपरीत बनी है। अब जनता सीधे जिला प्रशासन से इस पूरे निर्माण कार्य और सभी 143 बिलों की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है, ताकि जनजातीय समाज के हक का पैसा खाने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके।